स्तर तक निःशुल्क शिक्षा देने की कोई योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ?

**शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) :** (क) जी नहीं। उनको छोड़कर, जो मौजूदा संस्थाओं में दाखिले के लिए भी पात्र हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता

### Pay Scales of Survey of India Employees

**1208. Shri S. M. Banerjee:** Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the scales of pay of some of the employees of the Survey of India are being revised; and

(b) if so, when the revision will be finalised?

**The Minister of Education (Shri M. C. Chagla):** (a) and (b). The Second Pay Commission did not make any specific recommendations regarding the revision of pay scales in the Survey of India. However, the scales of pay of officers and staff in the Department were revised in 1960 on the lines suggested by the Commission for other similar services. Government is considering the need for further revision of the scales of pay, but since hardly 4 years have elapsed when their scales of pay were revised after careful examination and as about 230 different categories covering about 12,500 employees are involved the Government have to consider the proposal carefully from all aspects and it is likely to take quite some time.

### हिन्दी सलाहकार समिति

1209. श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुबोध हंसदा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में बनाई गई हिन्दी सलाहकार समिति ने अब तक क्या कार्य किया है;

(ख) हिन्दी के प्रचार तथा विकास के लिये इस समिति ने क्या-क्या सुझाव दिये हैं और उनको कार्यान्वित करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(ग) अब तक समिति की कितनी बैठकें हुई हैं;

(घ) हिन्दी के काम की देख-रेख के लिये एक विशेषज्ञ नियुक्त करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है और विशेषज्ञ कब तक अपना कार्य-भार संभाल लेंगे; और

(ङ) उक्त अधिकारी का काम और अधिकार क्षेत्र क्या होगा ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) और (ख). एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है। [पुस्तकालय में रखा गया—देखिये संख्या LT-4706/65]

(ग) समिति और उसके कार्यकारी दल की दो-दो बैठकें हुई है। उपसमितियों की अब तक 13 बैठकें हुई हैं।

(घ) हिन्दी सलाहकार महोदय ने 14 जून, 1965 को कार्यभार सम्भाला।

(ङ) हिन्दी सलाहकार समिति के पूर्णकालिक तृतीय उपाध्यक्ष है, जो हिन्दी के प्रचार और विस्तार तथा केन्द्रीय सरकारी कार्यों में इसके उत्तोत्तर अधिक प्रयोग से सम्बन्धित मामलों पर सरकार को सलाह

देने के लिये स्थापित की गई है । हिन्दी के कार्य के संशोधित प्रोग्राम की तैयारी से आपका सम्बन्ध होगा, तथा शिक्षा मंत्रालय में कार्यान्वित हिन्दी के विकास और प्रसार सम्बन्धी प्रोग्राम भी आपके कार्यों में आयेंगे ।

### पंजाब के छात्रों की शिक्षा सम्बन्धी यात्रा

**1210. श्री बागड़ी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964–65 और 1965–66 में पंजाब और पंजाब से बाहर विद्यार्थियों की यात्रा के लिये केन्द्रीय सरकार ने कितनी वित्तीय सहायता दी है;

(ख) क्या पंजाब सरकार ने सहायता से पूरा फायदा उठाया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) :** (क) 1964–65 वर्ष के लिए कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई थी और 1965–66 वर्ष के लिए भी अब तक कोई सहायता नहीं दी गई है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

### पंजाब के अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को मैट्रिक-उपरान्त छात्रवृत्तियां

**1211. श्री बागड़ी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964–65 में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को मैट्रिक-उपरान्त छात्रवृत्तियां देने के लिये केन्द्रीय सरकार ने पंजाब सरकार के लिए कितनी सहायता मंजूर की है;

(ख) 1965–66 में पंजाब के अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को कितनी राशि दिये जाने की आशा है;

(ग) क्या इस प्रयोजन के लिये पंजाब सरकार को दी गई राशि का 1964–65 में पूर्ण उपयोग किया गया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून कबीर)[:]** : (क) 17,42,200 रुपये ।

(ख) 17,42,200 रुपये ।

(ग) जी, हां ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है ।

### रूस में भारतीय तकनीशनों का प्रशिक्षण

**1212. श्री बागड़ी :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री 7 अप्रैल, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 772 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रूस में 27 भारतीय तेल तकनीशनों के प्रशिक्षण सम्बन्धी योजना की मोटी बातें क्या हैं; और

(ख) इस पर कितनी राशि के व्यय किये जाने की सम्भावना है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) :** (क) प्रशिक्षण एवं चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क हैं; किन्तु तेल और प्राकृतिक गैस आयोग प्रत्येक इंजीनियर तथा प्रत्येक तकनीशन के सुसज्जित (furnished) निवास-स्थान, खुराक और परिवहन के खर्चों के लिए प्रति मास क्रमशः 169 एवं 146 रूबल अदा करेगा । ये खर्च रूसी ऋण से पूरे किये जाते हैं ।

(ख) 4.1 लाख रुपये जिसमें 43,867.00 रुपये विदेशी मुद्रा का अंश होगा ।

### अध्यापकों के लिए भविष्य निधि

**1213. श्री बागड़ी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों को सामान्य